दिनांक : 05/03/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब की नई दिल्ली में मुलाकात, व्यापार-तकनीक सहयोग को लेकर कई समझौतों पर हस्ताक्षर।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया रायसीना डायलॉग के 11वें संस्करण का किया उद्घाटन, 110 देशों के 2700 प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा।
- खाड़ी देशों में फंसे प्रदेश के नागरिकों के लिए कंट्रोल रूम शुरू, दिल्ली और भोपाल में 24 घंटे मिल रही है मदद।
- टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। श्री मोदी ने कहा कि यह बैठक भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं-

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग के 11वें संस्करण का उद्घाटन किया। यह भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जहां दुनिया की बड़ी समस्याओं पर मंथन होता है। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब इस बार मुख्य अतिथि हैं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 110 देशों के करीब 2700 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, सांसद, सैन्य अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। इस साल की थीम 'संस्कार- दावा, तालमेल, तरक्की' है। इस सम्मेलन को दुनियाभर में लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी देखेंगे।

विदेश मंत्री

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर ओमान के विदेश मंत्री सैयद बदर बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी से भी चर्चा की।

कंट्रोल रूम

मध्य-पूर्व देशों में बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश सरकार ने अपने नागरिकों की मदद के लिए कंट्रोल रूम शुरू किए हैं। नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन और भोपाल के वल्लभ भवन में 24 घंटे ये सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। पढ़ाई, नौकरी, व्यवसाय या पर्यटन के लिए खाड़ी देशों में गए नागरिक इनसे संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली कंट्रोल रूम के लिए 011-26772005 और व्हाट्सऐप नंबर 9818963273 पर कॉल कर मदद मांगी जा सकती है।

नीतीश कुमार -राज्यसभा

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल युनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पटना स्थित बिहार विधानसभा में सचिव के समक्ष दाखिल किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

शिवराज- जन्मदिन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना जन्मदिन सेवा और संकल्प के रूप में मनाया। सुबह परिवार के साथ भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहायता और प्रतिभा प्रोत्साहन के पांच संकल्प लिए। इसके बाद विदिशा पहुंचकर उन्होंने 'मामा कोचिंग क्लास' अभियान शुरू किया। इसमें बैंकिंग, एसएससी, एमपी पीएससी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

साथ ही विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभाओं में मोबाइल क्लीनिक और 'प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान' भी दिए जाएंगे।

समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। यह प्रदेश सरकार की एक अहम पहल है, जिसमें जनभागीदारी से तालाबों, कुओं और नदियों को पुनर्जीवित किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा. इसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी। इस कार्यक्रम में घरेलू हिंसा कानून, मानसिक स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता सत्र होंगे और न्याय चौपाल के जरिए महिलाओं को कानूनी मदद के बारे में बताया जाएगा।

पुलिस- होली

होली के एक दिन बाद यानी आज भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित कई शहरों में पुलिसकर्मियों ने धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। होलिका दहन से लेकर होली तक लगातार 72 घंटे की ड्यूटी पूरी करने के बाद पुलिसकर्मियों ने रंग-गुलाल और डीजे की धुन पर जमकर जश्न मनाया। भोपाल के पुलिस परेड ग्राउंड में डीजीपी कैलाश मकवाना और पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने जवानों संग फिल्मी और होली गीतों पर डांस भी किया।

प्रियांशी प्रजापत

प्रदेश की बेटी और उज्जैन की पहलवान प्रियांशी प्रजापत अल्बानिया में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद सुरक्षित भारत वापस लौट आई हैं। मध्य-पूर्व में बढ़ते युद्ध तनाव के कारण वे वहां फंस गई थीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी सुरक्षित वापसी के

लिए उच्च स्तर पर प्रयास किए। प्रियांशी ने इस प्रतियोगिता में कजाकिस्तान, अमेरिका और अल्बानिया की पहलवानों को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने प्रियांशी को बधाई देते हुए उनके परिजनों से वीडियो कॉल पर भी बात की।

गौरव दिवस

शुजालपुर नगर पालिका के 100वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आज 'गौरव दिवस' समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर के विकास के लिए कुल 5 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने शुजालपुर कृषि उपज मंडी की कार्यक्षमता की सराहना करते हुए इसकी तुलना उज्जैन मंडी से की।

आईसीसी-टी20

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का दूसरk सेमीफाइनल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जा jgk gSS। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर xasaanckth करने का फैसला लिया है। सेमीफाइनल जीतने वाली टीम 8 मार्च को अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना करेगी। न्यूजीलैंड ने बुधवार को कोलकाता में खेले गए पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च है।
- खंडवा में "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत खालवा विकासखंड के गांव रोशनी और आंवलिया में आज शिविर लगाए गए।
- मंदसौर में पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा ने आज पीएम श्री स्कूल बूढ़ा और केंद्रीय विद्यालय का अचानक निरीक्षण किया।
- छिंदवाड़ा में होली उत्सव के साथ आज कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें कई जाने-माने कवियों ने शिरकत की।

- आगरमालवा जिले में 2 हजार 640 किसान इस बार 1 हजार 880 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन तिल की बुवाई कर रहे हैं। सिंचाई सुविधा के आधार पर पात्र किसानों का चयन किया गया है।
- शाजापुर में 14 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए आज जिला न्यायालय से जागरूकता वाहन रवाना किया गया।
- शिवपुरी में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र हिमांशु धाकड़ का मॉडल प्रस्ताव इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए चुना गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया।
- सीहोर में खिवनी अभयारण्य का विस्तार किया जाएगा। जिला वन विभाग ने इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है।
- जबलपुर में होली पर गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक गार्डन में बुजुर्गों के लिए खास होली मिलन कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठजन शामिल हुए।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब की नई दिल्ली में मुलाकात, व्यापार-तकनीक सहयोग को लेकर कई समझौतों पर हस्ताक्षर ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया रायसीना डायलॉग के 11वें संस्करण का किया उद्घाटन, 110 देशों के 2700 प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा।
- खाड़ी देशों में फंसे प्रदेश के नागरिकों के लिए कंट्रोल रूम शुरू, दिल्ली और भोपाल में 24 घंटे मिल रही है मदद।
- टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया ।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन कल सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।

....................